**911**

# कक्षा 9वीं वार्षिक परीक्षा, 2023-24

[401]

# HINDI

# हिन्दी

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 75]

*निर्देश –*

*(i)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

*(iii)* *प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप–प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं।*

*(iv)* *प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।*

*(v)* *प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।*

*(vi)* *प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।*

*(vii)* *प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1X6=6)

(i) कबीरदास की भाषा है –

(अ) अवधी (ब) राजस्थानी

(स) ब्रज (द) सधुक्कड़ी

(ii) हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग माना गया है –

(अ) भक्तिकाल (ब) वीरगाथाकाल

(स) रीतिकाल (द) वर्तमानकाल

(iii) काव्य के भेद माने गए हैं –

(अ) दो (ब) तीन

(स) चार (द) पाँच

(iv) झूरी ने दोनों बैलों को भेजा –

(अ) मौसी के घर (ब) दादी के घर

(स) ससुराल (द) नानी के घर

(v) संधि के प्रकार हैं –

(अ) दो (ब) तीन

(स) चार (द) पाँच

(vi) फणीश्वरनाथ रेणु के प्रसिद्ध आंचलिक उपन्यास का नाम है –

(अ) मैला आँचल (ब) गोदान

(स) पद्मावत (द) कामायनी

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर लिखिए – **(1×6=6)**

(i) कैदी और कोयल दोनों ही.....................देश के वासी हैं। (स्वतंत्र / गुलाम / विशाल)

(ii) मात्रिक छंद में......................................की गणना की जाती है। (शब्द / मात्रा / वर्ण)

(iii) शब्दालंकार में....................................के द्वारा चमत्कार होता है। (वर्ण / शब्द / मात्रा)

(iv) महादेवी वर्मा को छात्रावास में.....................................................................नाम की लड़की मिली थी। (निशा / जेबुन्निसा / गीता)

(v) वे शब्दांश जो शब्द के अंत में लगते हैं............................................................... कहलाते हैं। (उपसर्ग / प्रत्यय / शब्द)

(vi) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में कुल.................................................पात्र हैं। (चार / पाँच / छः)

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – **(1×6=6)**

(i) सुमित्रानन्दन पंत प्रकृति के सुकुमार कवि हैं। सत्य

(ii) रस की संख्या तैंतीस है। असत्य

(iii) लारेंस को कबूतर से प्रेम था। असत्य

(iv) तिब्बती जमीन छोटे – बड़े जागीरदारों में बँटी है। सत्य

(v) दंड का विलोम सजा है। असत्य

(vi) नानी के मन में देश की आजादी के प्रति जुनून था। सत्य

प्र.4 सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – **(1×6=6)**

| **स्तम्भ – (अ)** | **स्तम्भ – (ब)** |
|---|---|
| (i) वाख | (क) चार |
| (ii) उपमा के अंग | (ख) ललद्यद |
| (iii) तिब्बत में सबसे खतरे की जगह | (ग) श्री जगदीशचन्द्र माथुर |
| (iv) भी, ही, भर – | (घ) डाँड़े |
| (v) इन्द्र का पर्यायवाची | (ङ) निपात |
| (vi) रीढ़ की हड्डी | (च) सुरपति |
| | (छ) खगपति |
| | (ज) आश्रय |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1X6=6)

(i) मानसरोवर से कवि का क्या आशय है?

(ii) पं. जगन्नाथ के अनुसार काव्य की परिभाषा लिखिए।

(iii) कौन–सी जीवन शैली वर्चस्व स्थापित करती जा रही है?

(iv) अग्नि का तद्भव रूप लिखिए।

(v) 'इस जल प्रलय में' बाढ़ के पानी को क्या कहा गया है?

(vi) मृदुला गर्ग के नाना पढ़ाई करने कहाँ गए थे?

प्र.6 पद्य साहित्य के इतिहास को कितने कालों में बाँटा गया है? सभी का नाम लिखिए। (2)

अथवा

छायावाद के प्रमुख चार कवियों के नाम लिखिए।

प्र.7 माखनलाल चतुर्वेदी की कोई दो काव्यगत विशेषताएँ लिखिए। (2)

अथवा

सर्वेश्वरदलाल सक्सेना के भाव सौन्दर्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.8 मनुष्य ईश्वर को कहाँ–कहाँ ढूँढता फिरता है? (2)

अथवा

कवि सुमित्रानन्दन पंत ने गाँव को 'हरता जनमन' क्यों कहा है?

प्र.9 किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है और क्यों? (2)

अथवा

बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है?

प्र.10 रस किसे कहते हैं? रस के अंगों के नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

दोहा छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.11 महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.12 गद्य की चार गौण विधाओं के नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

नाटक व एकांकी में कोई दो अंतर लिखिए।

प्र.13 मुंशी प्रेमचन्द की कोई दो रचनाओं का नाम लिखते हुए, साहित्य में उनका स्थान लिखिए। https://www.mpboardonline.com (2)

**अथवा**

हरिशंकर परसाई की भाषा–शैली की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.14 छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया? लिखिए। (2)

**अथवा**

लेखक राहुल सांकृत्यायन लङ्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गए थे?

प्र.15 सालिम अली पक्षी प्रेमी कैसे बने? (2)

**अथवा**

लेखिका महादेवी वर्मा ने 'मेरे बचपन के दिन' पाठ में अपनी माँ की किन विशेषताओं के बारे में बताया है? लिखिए।

प्र.16 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए – (2)

(i) नौ दो ग्यारह होना

(ii) ईद का चाँद

अथवा

समास की परिभाषा एवं प्रकार के नाम लिखिए।

प्र.17 बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कौन–कौन सी बीमारी फैलने का खतरा होता है? (2)

अथवा

'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का उद्देश्य लिखिए।

प्र.18 निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (3)

"हस्ती चढ़िए ज्ञान कौ, सहज दुलीचा डारि।
स्वान रूप संसार है, भूंकन दे झख मारि।।"

अथवा

'खा–खाकर कुछ पाएगा नहीं,
न खाकर बनेगा अहंकारी।
सम खा तभी होगा समभावी,
खुलेगी साँकल बंद द्वार की।'

प्र.19 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (3)

शायद खून की हम उतनी परवाह नहीं करते, क्योंकि हम भिखमंगे थे और जहाँ–कहीं वैसी सूरत देखते, टोपी उतार जीभ निकाल, "कुची–कुची (दया–दया) एक पैसा" कहते भीख मांगने लगते।

अथवा

गाँधी जी ने कहा था कि हम स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाजे–खिड़की खुले रखें पर अपनी बुनियाद पर कायम रहें। उपभोक्ता संस्कृति हमारी सामाजिक नींव को ही हिला रही है। यह एक बड़ा खतरा है। भविष्य के लिए यह एक बड़ी चुनौती है।

प्र.20 'यातायात के नियम' विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए। (3)

**अथवा**

'आपकी किस खेल में अधिक रुचि है' विषय पर दो मित्रों के मध्य संवाद लिखिए।

प्र.21 निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (4)

"नर हो न निराश करो मन को,
कुछ काम करो, कुछ काम करो।
जग में रहकर कुछ नाम करो।।
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो।
समझो, जिससे यह व्यर्थ न हो।।
कुछ तो उपयुक्त करो मन को,
नर हो, न निराश करो मन को।।"

**प्रश्न –**

(i) काव्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।

(ii) मनुष्य को क्या करना चाहिए?

(iii) उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

**अथवा**

स्वार्थ और परमार्थ मानव की दो प्रवृत्तियाँ हैं। हम अधिकतर सभी कार्य अपने लिए करते है। 'पर' के लिए सर्वस्व बलिदान करना ही सच्ची मानवता है। यही धर्म है, यही पुण्य है। इसे ही परोपकार कहते हैं। प्रकृति हमें निरन्तर परोपकार का सन्देश देती है; नदी दूसरों के लिए बहती है। वृक्ष मनुष्यों को छाया तथा फल देने के लिए ही धूप, आँधी, वर्षा और तूफान में अपना सब कुछ बलिदान कर देते हैं।

**प्रश्न –**

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) सच्ची मानवता क्या है?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्र.22 अपने प्राचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

अपनी वार्षिक परीक्षा की तैयारी से अवगत कराते हुए अपने पिता जी को पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए – (4)

(i) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन

(ii) पर्यावरण प्रदूषण : कारण व निवारण

(iii) मेरी प्रिय पुस्तक

(iv) जीवन में खेलों का महत्त्व

(v) जल संरक्षण का महत्व

---